रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-13062026-273419
CG-DL-E-13062026-273419

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

| | |
|---|---|
| सं. 2918] | नई दिल्ली, शुक्रवार, जून 12, 2026/ज्येष्ठ 22, 1948 |
| No. 2918] | NEW DELHI, FRIDAY, JUNE 12, 2026/JYAISTHA 22, 1948 |


## जल शक्ति मंत्रालय

## (जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 11 जून, 2026

**का.आ. 3024(अ).—** केंद्रीय सरकार ने, अंतरराज्यिक नदी जल विवाद अधिनियम, 1956 (1956 का 33) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 14 की उपधारा (1) और उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, भारत सरकार के तत्कालीन जल संसाधन मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्यांक का.आ. 169 (अ), तारीख 2 अप्रैल, 1986 द्वारा, उसमें निर्दिष्ट पंजाब बंदोबस्त के कतिपय विषयों के सत्यापन और न्यायनिर्णयन के लिए, रावी और ब्यास जल अधिकरण (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिकरण कहा गया है) का गठन किया था;

और, उक्त अधिकरण ने केन्द्रीय सरकार को तारीख 30 जनवरी, 1987 को अपनी रिपोर्ट अग्रेषित की थी;

और, केंद्रीय सरकार द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (3) के निबंधनानुसार उक्त अधिकरण को, पूर्वोक्त रिपोर्ट पर अपेक्षित स्पष्टीकरण और मार्गदर्शन के लिए, 19 अगस्त, 1987 को अतिरिक्त निर्देश दिए गए थे;

और, केंद्रीय सरकार ने उक्त अधिकरण द्वारा इसके आगे की रिपोर्ट को पूरा करने में किए जाने वाले वृहत कार्य पर विचार करते हुए, उक्त रिपोर्ट देने की अवधि को समय-समय पर 5 अगस्त, 2026 तक बढ़ाया था;

और, केंद्रीय सरकार, उक्त अधिकरण द्वारा उल्लेख किये गए अन्तर्वलित कार्य की अत्यावश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, उक्त अवधि को 5 अगस्त, 2026 से एक वर्ष के लिए बढ़ाया जाना आवश्यक समझती है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 5 की उपधारा (3) के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उस अवधि को, जिसके भीतर उक्त अधिकरण इस प्रकार दिए गए निर्देशों पर अपनी रिपोर्ट 5 अगस्त, 2027 तक केंद्रीय सरकार को भेज सकेगा, और बढ़ाती है और उस प्रयोजन के लिए भारत सरकार के तत्कालीन जल संसाधन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 905(अ), तारीख 5 अगस्त, 2003 में निम्नलिखित और संशोधन करती है, अर्थात्:-

उक्त अधिसूचना के, अंतिम पैरा में, "5 अगस्त, 2026 तक", शब्दों, अंकों और अक्षरों के स्थान पर, "5 अगस्त, 2027 तक", शब्द, अंक और अक्षर रखे जाएंगे।

[फा. सं. 59012/1/2021-बी.एम. अनुभाग- एमओडब्ल्यूआर]

प्रदीप कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव

**टिप्पण:** रावी और ब्यास जल अधिकरण का गठन करने वाली मूल अधिसूचना, भारत के राजपत्र, अधिसूचना संख्यांक का.आ. 169 (अ), तारीख 2 अप्रैल, 1986 द्वारा प्रकाशित की गई थी और तत्पश्चात संख्यांक का.आ. 3234, तारीख 23 नवंबर, 1996, और का.आ. 666 (अ), तारीख 10 जून, 2003 द्वारा संशोधित की गई थी और उस अवधि को जिसके भीतर अधिकरण से अपनी रिपोर्ट केंद्रीय सरकार को भेजने की अपेक्षा की गई थी, अधिसूचना संख्यांक का.आ. 905 (अ), तारीख 5 अगस्त, 2003 द्वारा विनिर्दिष्ट की गई थी, जिसे समय-समय पर अधिसूचना संख्यांक का.आ. 889 (अ), तारीख 5 अगस्त, 2004, का.आ. 166 (अ), तारीख 4 फरवरी, 2005, का.आ. 1093 (अ), तारीख 4 अगस्त, 2005, का.आ. 133 (अ), तारीख 3 फरवरी, 2006, का.आ. 1218 (अ), तारीख 28 जुलाई, 2006, का.आ. 104 (अ), तारीख 2 फरवरी, 2007, का.आ. 1112 (अ), तारीख 6 जुलाई, 2007, का.आ. 212 (अ), तारीख 30 जनवरी, 2008, का.आ. 1700 (अ), तारीख 16 जुलाई, 2008, का.आ. 397(अ), तारीख 4 फरवरी, 2009, का.आ. 1812 (अ), तारीख 23 जुलाई, 2009, का.आ. 203 (अ), तारीख 29 जनवरी, 2010, का.आ. 1920 (अ), तारीख 5 अगस्त, 2010, का.आ. 250 (अ), तारीख 4 फरवरी, 2011, का.आ. 1803 (अ), तारीख 5 अगस्त, 2011, का.आ. 216 (अ), तारीख 3 फरवरी, 2012, का.आ. 1736 (अ), तारीख 3 अगस्त, 2012, का.आ. 317 (अ), तारीख 4 फरवरी, 2013, का.आ. 2310 (अ), तारीख 29 जुलाई, 2013, का.आ. 2002 (अ), तारीख 6 अगस्त, 2014, का.आ. 2176 (अ), तारीख 10 अगस्त, 2015, का.आ. 2571 (अ), तारीख 01 अगस्त, 2016, का.आ. 2458 (अ), तारीख 3 अगस्त, 2017, का.आ. 3949 (अ), तारीख 9 अगस्त, 2018, का.आ. 2754 (अ), तारीख 01 अगस्त, 2019, का.आ. 2443 (अ), तारीख 27 जुलाई, 2020, का.आ. 3597 (अ), तारीख 03 सितम्बर, 2021, का.आ. 3696 (अ), तारीख 04 अगस्त, 2022, का.आ. 2768 (अ), तारीख 26 जून, 2023, का.आ. 3114 (अ), तारीख 05 अगस्त, 2024 और का.आ. 3056 (अ), तारीख 9 जुलाई, 2025 द्वारा बढ़ाई गई थी।

**MINISTRY OF JAL SHAKTI**

**(Department Of Water Resources, River Development And Ganga Rejuvenation)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 11th June, 2026

**S.O. 3024(E)**.— Whereas the Central Government, in exercise of the powers conferred by sub-sections (1) and (2) of section 14 of the Inter-State River Water Disputes Act, 1956 (33 of 1956) (hereinafter called the said Act), constituted the Ravi and Beas Waters Tribunal (hereinafter called the said Tribunal) for verification and adjudication of certain matters of the Punjab Settlement, referred therein, *vide* notification number S.O. 169(E), dated the 2nd April, 1986, issued by the Government of India in the erstwhile Ministry of Water Resources;

And whereas, the said Tribunal forwarded its report to the Central Government on the 30th January, 1987;

And whereas, further references have been made by the Central Government to the said Tribunal on the 19th August, 1987, requiring explanation and guidance on the report aforesaid, in terms of sub-section (3) of section 5 of the said Act;

And whereas, considering the enormous exercise undertaken by the said Tribunal in completing its further report, the Central Government extended the period of making the said report from time to time, till the 5th day of August, 2026;

And whereas, the Central Government, keeping in view the exigencies of the work involved, as pointed out by the said Tribunal, considers it necessary to extend the said period for one year from the 5th day of August, 2026;

Now, therefore, in exercise of the powers conferred by the proviso to sub-section (3) of section 5 of said Act, the Central Government hereby further extends the period, within which the said Tribunal may forward its report on the references so made, to the Central Government till the 5th day of August, 2027, and for that purpose makes the following further amendments in the notification of the Government of India in the erstwhile Ministry of Water Resources number S.O. 905(E), dated the 5th August, 2003, namely: -

In the said notification, in the last paragraph, for the words, figures and letters "till the 5th day of August, 2026", the words, figures and letters "till the 5th day of August, 2027" shall be substituted.

[F. No. N-59012/1/2021-BM Section-MOWR]

PRADEEP KUMAR AGRAWAL, Jt. Secy.

**Note:** The principal notification constituting the Ravi and Beas Waters Tribunal was published in the Gazette of India *vide* number S.O. 169(E), dated the 2nd April, 1986 and subsequently amended *vide* number S.O. 3234, dated the 23rd November, 1996, S.O. 666(E), dated the 10th June, 2003 and the period within which the Tribunal was required to forward its further report to the Central Government was specified *vide* notification number S.O. 905(E), dated the 5th August, 2003, which was extended from time to time *vide* notification numbers S.O. 889(E), dated the 5th August, 2004, S.O. 166(E), dated the 4th February, 2005, S.O. 1093(E), dated the 4th August, 2005, S.O. 133(E), dated the 3rd February, 2006, S.O. 1218(E), dated the 28th July, 2006, S.O. 104(E), dated the 2nd February, 2007, S.O. 1112(E), dated the 6th July, 2007, S.O. 212(E), dated the 30th January, 2008, S.O. 1700(E), dated the 16th July, 2008, S.O. 397(E), dated the 4th February, 2009, S.O. 1812(E), dated the 23rd July, 2009, S.O. 203(E), dated the 29th January, 2010, S.O. 1920(E), dated the 5th August, 2010, S.O. 250(E), dated the 4th February, 2011, S.O. 1803 (E), dated the 5th August, 2011, S.O. 216(E), dated the 3rd February, 2012, S.O. 1736 (E), dated the 3rd August, 2012, S.O. 317 (E), dated the 4th February, 2013, S.O. 2310 (E), dated the 29th July, 2013, S.O. 2002 (E), dated the 6th August, 2014, S.O. 2176 (E), dated the 10th August, 2015, S.O. 2571 (E), dated the 1st August, 2016, S.O. 2458 (E), dated the 3rd August, 2017, S.O. 3949 (E), dated the 9th August, 2018, S.O. 2754 (E), dated the 1st August, 2019, S.O. 2443 (E), dated the 27th July, 2020, S.O. 3597(E), dated the 3rd September, 2021, S.O. 3696(E), dated the 4th August, 2022, S.O. 2768 (E), dated the 26th June, 2023, S.O.3114(E), dated the 5th August, 2024 and S.O. 3056(E), dated 9th July, 2025.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SARVESH KUMAR SRIVASTAVA